MATA SUNDRI COLLEGE FOR WOMEN



<u>प्रतिवेदन: सिम्पोजियम</u>

माता सुंदरी महाविद्यालय के संस्कृत विभाग एवं वैश्विक संस्कृत मञ्च के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 22/1/2023, रविवार को प्रातः 11:30 पर मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम के अंतर्गत "आयुर्वेद एवं आहारचर्या विषय पर नैशनल सिम्पोजियम (आभासीय) का आयोजन किया गया। विषय के अतिथि वक्ता बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य विभाग के सेवानिवृत्त प्रो० विनीत कुमार अग्निहोत्री थे। कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया गया। महाविद्यालय की पूर्वच्छात्रा प्रीति भट्ट ने मंगलाचरण में गणेश स्तुति प्रस्तुत की। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो०हरप्रीत कौर महोदया ने स्वागत अभिभाषण देकर आयुर्वेद के आधार पर आहारचर्या को बताते हुए, आयुर्वेद की महता प्रतिपादित की। संस्कृत विभाग की शिक्षिका डॉ कल्पना शर्मा ने विषय प्रवर्तन किया। प्रो० अग्निहोत्री ने भारत के विविध प्रांतों की आहार व्यवस्था बताते हुए स्वस्थ जीवनशैली के सूत्र भी बताए। विभाग के प्राध्यापक डॉ कुलदीप कुमार सहगल ने वक्ता एवं श्रोताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। देश के विविध राज्यों एवं महाविद्यालयों से श्रोतागणों की कार्यक्रम में सहभागिता रही। सामूहिक शान्ति पाठ से कार्यक्रम का औपचारिक समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन विभाग की शिक्षिका डॉ कल्पना शर्मा ने किया।